aglasem.com

HBSE MODEL PAPER 2024



Practice Papers

MODEL PAPERS

Marking Scheme

ANSWER KEY

schools.aglasem.com

MARKING SCHEME
ECONOMICS (576)
SAMPLE PAPER

CLASS XII **SESSION 2023-24**

TIME : 3 HRS **M.M :80**

Q.NO.	EXPECTED ANSWER/ VALUE POINTS	MARKS
	SECTION -A	
1.	When Marginal Product is –ve then total product is (A) Zero (B) increasing (C) decreasing (D)none of these **(C) decreasing**	**1**
2.	Rectangular hyperbola cost curve is (A) TFC (B) TVC (C) AFC (D)AVC **(C) AFC**	**1**
3.	Law of variable proportion function is mainly related with (A) Cost (B) Production (C) Revenue (D) none of these **(B) Production**	**1**
4.	In Perfect Competition market firm demand curve is (A) Positive (B) Negative (C) Parallel to OX Axis (D) Parallel to OY Axis **(C) Parallel to OX Axis**	**1**
5.	Which one is study in micro economics (A) National Income (B) Trade Cycle (C) Theory of Demand (D) inflation **(C) Theory of Demand**	**1**
6.	AR curve is also known as **Demand curve**.(Demand curve/ Supply curve)	**1**
7.	Pepsi and Coke are **substitute** goods. (Complementary / Substitute)	**1**
8.	PPC are **Concave**. (Convex / Concave)	**1**
9.	Assertion (A): Average cost is U shape. Reason (R): Law of Variable proration is applicable in short run. **a. Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is the correct explanation of Assertion (A)**	**1**
10.	Assertion (A): Giffen goods are exception to law of demand. Reason (R): Supply curve is +ve slopes. **b. Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is the not correct explanation of Assertion (A)**	**1**
11.	What are causes of economics problems ? 1. **Unlimited wants:** human have unlimited wants and these are increasing day by day. 2. **Limited resources:** The resources to fulfill above unlimited wants are limited i.e. they are scarce . 3. **Alternative uses:** The limited resources have alternative uses that why we have to make choices.	**1** **1** **1**


OR

Explain consumer's equilibrium with the help of Indifference curves approach

In terms of IC analysis, a consumer will be in the equilibrium when following conditions fulfill :

1. MRS (Marginal Rate of Substitution) = P_x/P_y (Slope of price line) **1**

2. IC is convex to the origin at the point $MRS_{xy} = P_x/P_y$ **1**



1

(Use diagram)

12. **What do you mean by TR, MR and AR ?**

Total Revenue : Total revenue is the sum of all sale receipts or income of a firm. **1**

TR=AR *Q

Marginal Revenue: It is the change in total revenue which results from the sale of one more or less unit of output.

$MR=TR_n - TR_{n-1}$ or $\Delta TR/\Delta Q$ **1**

Average Revenue: Average revenue is the per unit revenue received from the sale of a commodity **1**


AR= TR/Q

13. Explain the law of Constant Return to Factor with the help of table and diagram.

Constant Return to Factor : In the short run with fixed factors if we increase variable factors then total products increase at constant rate and in this situation marginal product and cost will remain constant. **1**

No. of labors	1	2	3	4	5	6	7
Capital	1	1	1	1	1	1	1
TP	10	20	30	40	50	60	70
MP	10	10	10	10	10	10	10

1



2

OR


Explain the law of Diminishing Return to Factor with the help of table and diagram.

1

Diminishing Return to Factor : In the short run with fixed factors if we increase variable factors then total products increase at increase rate and in this situation marginal product will increase and cost will decrease .

Labours	1	2	3	4	5	6	7
Capitals	1	1	1	1	1	1	1
TP	5	9	12	14	15	15	14
MP	5	4	3	2	1	0	-1

1



2

14 Calculate AVC, AFC ,TVC and MC

Output	0	1	2	3	4	5	6
TC	40	80	110	126	128	135	180

Output	0	1	2	3	4	5	6
TC	40	80	110	126	128	135	180
TFC	40	40	40	40	40	40	40
TVC	0	40	70	86	88	95	140

1

	AFC	-	40	20	13.33	10	8	6.67
	AVC	-	40	35	28.7	22	19	23.3
	MC	-	40	30	16	2	7	45

1
1
1

15. Explain price equilibrium with table and diagram.


Price Equilibrium:

when market forces will be equal to each other i.e. market demand is equal to market supply then there will be price equilibrium.

1

Price	1	2	**3**	4	5
Quantity demanded	50	40	**30**	20	10
Quantity supplied	10	20	**30**	40	50

1



2

Explain table and diagram.

16. Explain the total expenditure method of measuring price elasticity of demand.

It shows how much total expenditure of a good change and in which direction due to change in the price of a good.


1

1) If price ↑ or ↓ and TE remain constant then Ed= 1
2) If price ↑ and TE ↓ or price ↓ and TE ↑ then Ed > 1
3) If price ↑ and TE ↑ or price ↓ and TE↓ then Ed < 1

2

Price	Quantity	Total Exp.	Ed
1 2	10 05	10 10	Unitary
1 2	10 04	10 08	Greater than unit
1 2	10 06	10 12	Less than unit

2



1

Explain table and diagram.

OR

What is Law of Demand ? Why does Demand Curve Slope Upwards from left to right ?

Law of Demand: Law of demand states that other things being equal, there is inverse relation between price and quantity demanded.

1.5

If Demand Curve Slope Upwards from left to right then demand curve will be +ve slope.

The main causes are given below:

1. **Goods of conspicuous consumption**: in such case higher price means more consumption. **1.5**

2. **Giffen goods:** When price of a giffen good falls, its quantity demanded also falls and vice versa. Its price effect is +ve and income effect is –ve. **1.5**

3. **Consumer's ignorance:** this can also be possible when consumers judge quality of the goods by its price only. **1.5**

Explain above points in details.

17.

What do you mean by Perfect Competition market? Explain its main features.


1

Meaning:

Perfect competition is a market situation where large number of buyers and sellers are buying and selling homogenous products at equal price.

Main features:-

1. Large no. of buyers and sellers

	2. Homogenous products 3. AR=MR 4. Firms is price taker and industry is price maker 5. Perfect knowledge 6. Perfect mobility 7. Lack of transportation cost 8. Lack of advertisement cost **Explain any above 5 points which carry one marks each.** **OR** Explain the conditions of producer's equilibrium in terms of marginal revenue and marginal cost. Meaning of marginal revenue and marginal cost then i) If MR is greater than MC then firm will increase output ii) If MR is less than MC then firm will decrease output iii) If MR=MC and MC is rising ,then firm will be equilibrium **Conditions of equilibrium** a) MR=MC b) MC cuts MR from below.  Here, consumer will be equilibrium at point K as it fulfill both conditions.	**5** **2** **2** **2**
	SECTION - B	
18	Which one is included in leakage in circular flow of income? (a) borrowing by firms (b) public expenditure (c) investment (d) saving **(d) saving**	**1**
19	Net investments equal to (a) Gross investment- Depreciation (b)Gross investment + Depreciation (c) Gross investment ÷ Depreciation (d)Gross investment × Depreciation **(a) Gross investment- Depreciation**	**1**
20	In National Income following are not included ? (a) domestic services (b) transfer income (c) intermediate goods (d) all of above **(d) all of above**	**1**
21	Which one is Central bank of India ? (a) RBI (b) SBI (c) PNB (d) HDFC **(a) RBI**	**1**

22 On which date Financial year start in India ? **1**

(a) 1 July (b) 1 January (c) 31 March (d) 1 April

(d) 1 April

23 Dividend a part of **Profit** . (Interest/ Profit) **1**

24 Analysis of General Price level is related **Macro** with economics. **1**

(Micro/Macro)

25 Primary Deficit = **Fiscal Deficit** - Interest Paid. **1**

(Revenue Deficit / Fiscal Deficit)

26 Assertion (A):M3 is boarder concept than M1. **1**

Reason (R): Central bank control the money supply.

a. Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is the correct explanation of Assertion (A)

27 Assertion (A): Bank Rate is a part of monetary policy. **1**

Reason (R): Tax is part of monetary policy.

c. Assertion (A) is true , but Reason (R) is false.

28 Calculate Marginal Propensity to Consume (MPC) and Marginal Propensity to Save (MPS)

Income (in rupees)	0	100	200	300	400
Consumption (in rupees)	60	110	150	180	200
Change in income	-	100	100	100	100
Change in consumption	-	50	40	30	20
MPC	-	0.5	0.4	0.3	0.2
MPS	-	0.5	0.4	0.7	0.8

0.5
0.5
1
1

OR

The saving function of an economy is S = -200 + 0.25Y.Calculate

i.) Autonomous consumption (ii) Consumption Function

iii) Investment multiplier (K)

S=-200+0.25Y **1**

i) When Y is zero then S= -200

So Autonomous Consumption = 200

(ii) C=Y-S

C= Y-(-200+0.25Y)

C= Y+200-0.25Y **1**

C=200+0.75Y

So Consumption function is C = 200 + 0.75Y

(iii) Investment Multiplier (K) = 1/MPS

K=1/0.25

K=4 **1**

29 What are difference between Micro and Macro Economics?

MICRO ECONOMICS	MACRO ECONOMICS
It studies with individual economics units	It studies national economy as well as its various aggregates
It primary deals with individual income , output, price of goods etc.	It is the study of aggregates such as national income , output and general price level.
It covers several issues like demand, supply, factor pricing, product pricing, economic welfare, production, consumption, and more.	It covers several issues like distribution, national income, employment, money, general price level, and more.

1 **1** **1**

One marks for each differences

30 .What do you mean by government budget and its objectives ?

A government budget is a country's financial report explaining item-wise calculations of future revenue and expenditure. The budget explains the income and expense of a nation.

1

In India the government presents its budget in front of the Lok Sabha, explaining an estimated receipt and expense for the upcoming financial year. The fiscal year starts from 1st April and concludes on 31st March of the next year.

Objectives :-

1. Reallocation of resources
2. Minimise inequalities in income and wealth
3. Economic stability **1**
4. Manage public enterprises **1**
5. Economic growth.
6. Decrease regional differences. **1**

Explain above any three points.

31 What do you mean by Investment Multiplier? Explain the process of Investment Multiplier assuming change in Investment (ΔI) is 2000 crores and marginal propensity to consume (MPC) is 0.5.

Investment Multiplier:- Investment multiplier is the ratio of an increase of income to given increase in investment. **1**

K= change in income / change in investment

Multiplier process :-

Increase in investment	Increase in income	Increase in consumption	Increase in saving
2000	2000	1000	1000
	1000	500	500
	500	250	250
	-	-	-

3

	-	-	-
	4000	2000	2000

K=1/1-MPC =1/1-0.5 =1/0.5 =2

K=ΔY/ΔI =ΔY/2000 =2

ΔY=2000*2 =4000 crores

OR

What is deficient demand ? How to overcome from it with the help of fiscal measures? **1**

Deficient Demand :
Deficient Demand refers to a situation in which aggregate demand (AD) is short of aggregate supply (AS) corresponding to full employment. **1**

AD<AS : corresponding full employment **1**

Deficient Demand and Fiscal measures: **1**

1. Decrease in tax
2. Increase in public expenditure
3. Increase in Deficit financing
4. Decrease in Public Debt

Explain any three points

32 What are differences between Balance of Payment and Balance of Trade ?

Basis	**BOT**	**BOP**
Meaning	It refers to difference between amount of exports and imports of visible items.	It is a systematic record of all economic transactions between residents of a country and rest of the worlds, over a given period of time. **1**
Components	It includes only visible items.	It includes visible items , invisible items and capital transfers. **1**
Scope	It is narrow concept as it is a part of BOP.	It is a wider concept as it includes BOT. **1**
Capital transactions	It does not record any Capital transactions.	It records all Capital transactions. **1**

33. Explain meaning of money and functions of money.

Money : A medium of exchange that is centralized, generally accepted, recognized, and facilitates transactions of goods and services, is known as money. **1**

Function of Money:

i) Medium of exchange:

- It means that money can be used to make payments for all the transactions of goods and services.
- A buyer can buy goods through money, and a seller can sell goods for money.
- It is an essential function of money.

1

ii) Measure of value:

- Money serves as a measure of value.
- The value of all goods and services is expressed in terms of money.

1

iii) Standard of deferred payments:

- It means that money acts as a 'standard' for making future payments.
- It has made deferred payments much easier than before.
- Example: When we borrow money from somebody, we have to return both the principal as well as the interest amount in the future.
- Money is a convenient mode of calculation and payment of interest amount to be paid in the future.
- This function has facilitated borrowing and lending.
- It has also led to the creation of financial institutions.

1

iv) Store of value:

- **A** store of value implies a store of wealth.
- Money can be easily stored for future use.
- It is the most convenient and economical means to store earnings and wealth.

1

v) Transfer of value:

- Money also serves for transfer of value.
- It facilitates buying and selling of goods not only in the domestic country but also in other parts of the world.

1

"Money is a matter of functions four a medium, a measure, a standard and a store.
It does not clear the picture we may add transferability more"

OR

Distinguish between Commercial banks and Central banks?

.

Basis	**Central bank**	**Commercial banks**
Meaning	Central bank is the apex financial institution of the country that is concerned with formation of monetary	It is a type of financial institution that is concerned with providing banking services to the general public

1

	policies and the way money should be regulated in the economy	and businesses by facilitating deposit, offering loan facilities	
Ownership	Central bank is always having public ownership	Commercial banks either be public , private and foreign in ownership.	**1**
No. of banks	There is only one central bank in a country.	There can be many commercial banks in a country.	**1**
Profit Motive	It does not operate for profit motive	These operate with profit motives.	**1**
Issue of notes	It has monopoly over issue of notes	These can not issue notes in the economy.	**1**
Clients	Commercial banks and Government are main clients	Individual and businesses are main clients.	**1**
Monetary policy	Central bank designs and controls all instrument of monetary policy of the country .	Commercial banks only executes the monetary policy as directed by the central bank.	

One marks for each differences

34. Explain Value Added Method of measuring National Income ?

The value added method is one of the three methods to determine national income. The other two methods are the expenditure method and income method.

It is also known as product method or output method, and its primary objective is to calculate the national income by taking the value added to a product during the various stages of production into account. **1**

Different steps of value added methods:

1. **CLASSIFICATION OF PRODUCTIVE ENTERPRISES**

   i) Primary Sector
   ii) Secondary Sector
   iii) Tertiary Sector **1**

2. **ESTIMATION OF VALUE ADDED**

Value Added (GDP at MP)= Value of Output - Intermediate Consumption

Here, Value Of Output = Sales + Change In Stocks

Change In Stocks = Closing Stocks - Opening Stocks

Intermediate Consumption: **2**

It refers to value of all non-factors inputs. Mainly, it includes value

of raw material used in production process.

3. ESTIMATION OF NATION INCOME

Value Added (GDP at MP)= Value of Output - Intermediate Consumption

- Depreciation
- Net Indirect Tax
+ Net Factor Income from Abroad(NFIA) **2**

National Income (NNP at FC)

Precautions ;

1. Sale and purchase of second hand goods are not included in NY.
2. Commissions paid on sale of second hand goods are not included in NY.
3. Intermediate consumptions are also not included in NY.

OR

Calculate National Income by (a) Income Method (b) Expenditure Method

	Items	(rupees in crores)
i)	Compensation of Employees	600
ii)	Govt. final consumption expenditure	550
iii)	Net factor income from abroad	-10
iv)	Net export	-15
v)	Profit	400
vi)	Net indirect tax	60
vii)	Mixed income of self employed	350
viii)	Rent	200
ix)	Interest	310
x)	Private final consumption expenditure	1000
xi)	Net domestic capital formation	385
xii)	Consumption of fixed capital	85
xiii)	Change in stock	20

National Income by Income Method

	Compensation of Employees	600
	+Rent	200
	+Interest	310
	+Profit	400
	+ Mixed income of self employed	350
Domestic Income (NDP at FC)		**1860** **2**
	+ Net factor income from abroad	+(-10)
National Income (NNP at FC)		**1850** **1**

National Income by Expenditure Method

	Private final consumption expenditure	1000
	+ Govt. final consumption expenditure	550
	+Net domestic capital formation	385
	+Net export	+(-15)
Net Domestic Product at Market Price (NDP at MP)		**1920** **2**
	Add : Net factor income from abroad	+(-10)
	Less : Net indirect tax	-60
National Income (NNP at FC)		**1850** **1**

नमूना प्रश्न पत्र–1

अर्थशास्त्र

कक्षा–XII सत्र–2023–24

समयः 3 घण्टे अधिकतम अंकः80

सामान्य निर्देशः–

(i) इस प्रश्न–पत्र में 34 प्रश्न है। सभी प्रश्न अनिवार्य है।

(ii) यह प्रश्न पत्र दो खण्डों में विभाजित है।

खण्ड क– व्यष्टि अर्थशास्त्र

खण्ड ख– समष्टि अर्थशास्त्र

(iii) इस प्रश्न–पत्र में एक–एक अंक के 20 बहुविकल्पीय प्रश्न है।


(iv) इस प्रश्न पत्र में तीन–तीन अंकों के 4 लघु उतरीय प्रकार केप्रश्न हैं जिनके उत्तर 60 से 80 शब्दों में लिखे जाने चाहिए।

(v) इस प्रश्न–पत्र के चार–चार अंकों के 6 लघु उतरीय प्रकार के प्रश्न हैं जिनके उत्तर 80 से 100 शब्दों में लिखे जाने चाहिए।

(vi) इस प्रश्न–पत्र में छः–छः अंकों के 4 दीर्घ उतरीय प्रकार के प्रश्न हैं जिनके उत्तर 100 से 150 शब्दों में लिखे जाने चाहिए।


प्रश्न सं0	प्रश्न	अंक
	खण्ड क	
1	जब सीमांत उत्पादन –ve होता है तो कुल उत्पादन (a) शून्य (b) बढता (c) घटता (d) इनमें से कोई नहीं **c) घटता**	1
2	रेक्टैंगुलर हाइवरबोला (Retangular Hyperbola) लागत वक्र (a) कुल स्थिर लागत (b) कुल परिवर्तनशील लागत (c) औसत स्थिर लागत (d) औसत परिवर्तशील लागत **(c) औसत स्थिर लागत**	1
3	परिवर्ती अनुपात का नियम से सम्बन्धित है। **(a)** लागत (b) उत्पादन (c) आगम (d) इनमें से कोई नहीं **(b) उत्पादन**	1
4	पूर्ण प्रतियोगिता बाजार में फर्म का मांग वक्र होता है। (a) घनात्मक (b) ऋणात्मक (c) OX के समांतर (d) OY के समांतर **(c) OX के समांतर**	1

5	व्यष्टि अर्थशास्त्र में निम्न का अध्ययन किया जाता है। (a) राष्ट्रीय आय (b) व्यापार चक्र (c) मांग का सिद्वांत (d) मुद्रास्फीति **(c) मांग का सिद्वांत**	1
6	औसत आगम वक्र को .....कहते है। (मांग वक्र/पूर्ति वक्र) उत्तर– मांग वक्र	1
7	पेप्सी और कोक..... वस्तुए हैं। (पूरक/प्रतिस्थापन) उत्तर – प्रतिस्थापन वक्र	1
8	उत्पादन सम्भावना वक्र .....होते है। (उन्नोत्तर/नतोदर) उत्तर –नतोदर	1
9	अभिकथन (A): औसत लागत वक्र U आकार का होता है। तर्क (R) : परिवर्ती अनुपात का नियम अल्पकाल में लागू होता है। **(a)** अभिकथन **(A)** तथा तर्क **(R)** दोनों सत्य हैं तथा तर्क **(R)** अभिकथन **(A)** का सही स्पष्टीकरण है।	1
10	अभिकथन (A): गिफ्फन वस्तुएं मांग के नियम का अपवाद होती है। तर्क (R) : पूर्ति वक्र का ढलान धनात्मक होता है। **(b)** अभिकथन **(A)** तथा तर्क **(R)** दोनों सत्य हैं तथा तर्क **(R)** अभिकथन **(A)** का सही स्पष्टीकरण नहीं है।	1
11	आर्थिक समस्या के कौन–2 से कारण है? सम्भावित उत्तरः– आर्थिक समस्या के कारणः– (a) असीमित आवश्यकताएंः– मनुष्य की आवश्यकता असीमित है और प्रतिदिन ये आवश्यकताएं बढ़ती जा रही है। (b) सीमित साधनः–असीमित आवश्यकताओं को पूरा करने वाले साधन सीमित होते है। अर्थात् दूर्लभ। (c)वैकल्पिक उपयोगः–साधन सीमित होने के साथ–साथ इनका वैकल्पिक उपयोग होता है। अतः मनुष्य को चुनाव करना होता है। चुनाव की समस्या ही आर्थिक समस्या कहलाती है। अथवा अधिमान वक्रो की सहायता से उपरोक्ता संतुलन की व्याख्या करें। एक उपभोक्ता उस समय संतुलन में होता है ज बवह अधिकतम संतुष्टि प्राप्त करता है। संतुलन की शर्तें 1) सीमांत प्रतिस्थापन की दर (MRS_{xy})=P_x/ Py (बजट रेखा का ढलान) 2) इस अवस्था मे तटस्थता वक्र मूल बिन्दु की ओर उन्नोत्तर होते हैं।	1 1 1 1 1

		1
12	कुल आगम सीमांत आगम और औसत आगम से आप क्या समझते हैं? कुल आगम –कुल आगम से अभिप्राय हैं कि एक उत्पादक को अपना कुल उत्पादन बेचकर प्राप्त होने वाली मौद्रिक प्राप्तियां TR=AR x Q सीमांत आगम – सीमांत आगम से अभिप्राय किसी वस्तु की एक ईकाई अधिक बेचने से कुल आगम में होने वाला परिर्वतन। MR= $TR_n - TR_{n-1} = \Delta TR/\Delta Q$ औसत आगम – औसत आगम से अभिप्राय उत्पादक को प्रति ईकाई उत्पादन बेचकर प्राप्त होने वाली मौद्रिक प्राप्तियां AR = TR/Q	1 1 1 1
13	कारक के समान प्रतिफल की व्याख्या रेखाचित्र एवं तालिका सहित करों। कारक के समान प्रतिफलः– अल्पकाल में जब स्थिर कारकों की निश्चित इकाईयों के साथ परिवर्तनशील कारको में वृद्वि की जाए। इस अवस्था में कुल उत्पादन (TP) घ्समान दर पर बढता है एवं सीमांत उत्पादन (MP) एवं सीमातं लागत (MC) स्थिर रहती है।	1

श्रम की ईकाईयां	1	2	3	4	5	6	7
भूमि की ईकाईयां	1	1	1	1	1	1	1
कुल उत्पादन	10	20	30	40	50	60	70
सीमांत उत्पादन	10	10	10	10	10	10	10

2



अथवा


कारक के घटते प्रतिफल की व्याख्या रेखाचित्र एवं तालिका सहित करों।

कारक के घटते प्रतिफलः– अल्पकाल में जब स्थिर कारकों की निश्चित इकाईयों के साथ

	परिवर्तनशील कारको में वृद्धि की जाए। इस अवस्था में कुल उत्पादन (TP) घटते दर पर बढता है एवं सीमांत उत्पादन (MP) घटता एवं सीमातं लागत (MC) बढ़ती है।	1

श्रम की ईकाईयां	1	2	3	4	5	6	7
भूमि की ईकाईयां	1	1	1	1	1	1	1
कुल उत्पादन	5	9	12	14	15	15	14
सीमांत उत्पादन	5	4	3	2	1	0	-1

1



2

1

14	औसत परिवर्तनशील (AVC), औसत स्थिर लागत (AFC), कुल परिवर्तनशील लागत (TVC) और सीमांत लागत (MC) ज्ञात करें।	

उत्पाद	0	1	2	3	4	5	6
कुल लागत	40	80	110	126	128	135	180

सम्भावित उत्तरः–


उत्पाद	0	1	2	3	4	5	6
कुल लागत (TC)	40	80	110	126	128	135	180
TFC	40	40	40	40	40	40	40
TVC	0	40	70	86	88	95	140
AFC	.	40	20	13.33	10	8	6.67
AVC	.	40	35	28.7	22	19	23.3
MC	.	40	30	16	2	7	45

1
1
1
1

15	संतुलित कीमत की व्याख्या अनुसूची और रेखाचित्र की सहायता से करें। सम्भावित उत्तरः– संतुलित कीमत वह कीमत है जिस पर किसी वस्तु की मांग और पूर्ति बराबर होती है अर्थात क्रेताओं का क्रय और विक्रेताओं का विक्रय एक दूसरे के बराबर होता है।	1

कीमत	1	2	3	4	5
मांग	50	40	30	20	10
पूर्ति	10	20	30	40	50

1



2


तलिका और रेखाचित्र की व्याख्या करें।

16	मांग की कीमत लोच मापने की व्यय विधि की व्याख्या करें। कुल व्यय विधि यह बताती है कि किसी वस्तु की कीमत में परिवर्तन होने पर कुल व्यय में कितना परिवर्तन और किस दिशा में हुआ है।	1
	A) वस्तु की कीमत बढ़ने या घटने पर उस वस्तु पर किया गया कुल व्यय स्थिर रहेतो मांग की कीमत लोच ईकाई होगी। B) वस्तु की कीमत बढ़ने पर कुल व्यय घट जाए और कीमत घटने पर कुल व्यय बढ़ जाए तो मांग की कीमत लोच इकाई से अधिक होगी। C) वस्तु की कीमत बढ़ने पर कुल व्यय बढ़ जाए और कीमत घटने पर कुल व्यय घट जाए तो मांग की कीमत लोच इकाई से कमहोगी।	2

कीमत	मत्रा	कुल व्यय (PQ)	मांग की लोच
1 2	10 5	10 10	E_d =1
1	10	10	E_d >1

2

2	4	8	
1 2	10 6	10 12	$E_d < 1$



1

नोटः अनुसूची एवं रेखाचित्र की व्याख्या।

अथवा

मांग का नियम किसे कहते हैं? मांग वक्र बाये से दाये की ओर ऊपर की तरफ क्यों होता है?

सम्भावित उत्तरः–

मांग का नियम – मांग का नियम यह बताता है कि अन्य बाते समान रहन पर, किसी वस्तु की अपनी कीमत बढ़ने पर उसकी मांग कम हो जाती है तथा अपनी कीमत कम होने पर उसकी मांग बढ़ जाती है। 1½


मांग वक्र का ढलान घनात्मक निम्न अवस्थाओं में हो सकता है।

(i) प्रतिस्थासूचक वस्तुएंः– ऐसी वस्तुएं जो समाज में प्रतिष्ठा सूचक होती है उन वस्तुओं की मांग का ढलान घनात्मक होता है।

(ii) उपभोक्ता की अज्ञानताः–जब कोई उपभोक्ता अज्ञानता से कारण अधिक मूल्य वाली वस्तु को बढ़िया मानता है और कम मूल्य वाली वस्तु को निम्नकोटि मानता है। उस अवस्था में भी मांग वक्र का ढलान +Ve होता है। 1½ 1½

(iii) गिफ्फन वस्तुएं – इन वस्तुओं पर मांग का नियम लागू नहीं होता, क्योंकि इनका आय प्रभाव ऋणात्मक और कीमत प्रभाव धनात्मक होता है। 1½

उपरोक्त बिन्दुओं की व्याख्या।

17	पूर्ण प्रतियोगिता बाजार किसे कहते है? इसकी विशेषताएं बताइए। अथवा पूर्ण प्रतियोगिता का अर्थः– पूर्ण प्रतियोगिता बाजार उस बाजार को कहते हे जिसमें समरूप वस्तु के असंख्य क्रेता और असंख्य विक्रेता होते हैं जो समरूप वस्तु को समान कीमत पर बेचते और खरीदते है। विशेषताएंः– 1) क्रेताओं और विक्रेता की अधिक संख्या 2) समरूप वस्तुएं 3) पूर्ण ज्ञान 4) पूर्ण गतिशीलता 5) फर्मों का स्वतंत्र प्रवेश व छोड़ना 6) यातायात लागत का अभाव 7) AR और MR बराबर 8) वस्तु की कीमत उद्योग द्वारा निर्धारित उपरोक्त किन्हीं 5 विशेषताओ ंकी व्याख्या। प्रत्येक विशेषाओं को एक–एक अंक दिए जाए। अथवा सीमांत आगम और सीमांत लागत की सहायता से उत्पादक संतुलन की शर्तों की व्याख्या करें। फर्म के संतुलन को ज्ञात करने को महत्वपूर्ण विधि सीमांत विधि कहलाती है। एक फर्म संतुलन की अवस्था में उस समय होगी जब निम्नलिखित शर्तें पूर्ण होगी। 1. MC=MR (आवश्यक शर्त) 2. MC वक्र MR वक्र को नीचे से काटे A) यदि सीमांत आगम (MR) सीमात लागत (MC) से अधिक है। फर्म अपने उत्पादन मे ं वृद्वि करेगी। B) यदि सीमांत आगम (MR) सीमात लागत (MC) से कम है। फर्म अपने उत्पादन में कमी करेगी। C) यदि सीमांत आगम (MR) सीमात लागत (MC) से बराबर है। और सीमांत लागत (MC) बढ़ रहीहै हो तब उत्पादन संतुलन की स्थिति में होगा।  रेखाचित्र की व्याख्या करे।	1 5 2 2 2

	खण्ड ख	
18	आय के चक्रीय प्रवाह के रिसाब में निम्न को शामिल किया जाता है? (a) फर्म द्वारा उधार (b) सार्वजनिक व्यय (c) निवेश (d) बचत **(d) बचत**	1
19	निवल निवेश बराबर होता ळें (a) सकल निवेश – गिसावट (b) सकल निवेश + घिसावट (c) सकल निवेश ÷ गिसावट (d) सकल निवेश x घिसावट **(a) सकल निवेश – गिसावट**	1
20	राट्रीय आय में निम्न को शामिल नहीं किया जाता है? (a) घरेलू सेवाएं (b) हस्तांतरण आय (c) मध्यवर्ती वस्तुएं (d) उपरोक्त सभी **(d) उपरोक्त सभी**	1
21	भारत का केन्द्रीय बैंक कौन सा है? (a) RBI (b) SBI (c) PNB (d) HDFC **(a) RBI**	1
22	भारत में वित्त वर्ष किस तिथि को प्रारम्भ होता है? (a) 1 जुलाई (b) 1 जनवरी (c) 31 मार्च (d) 1 अप्रैल **(d) 1 अप्रैल**	1
23	लाभांश .....का एक भाग होता है। (ब्याज/लाभ) लाभ	1
24	सामान्य कीमत स्तर का अध्ययन .....अर्थशस्त्र में होता है। (व्यष्टि/समष्टि) समष्टि	1
25	प्राथमिक घाटा = ... – ब्याज का भुगतान। (राजस्व घाटा/राजकोषीय घाटा) राजकोषीय घाटा	1
26	अभिकथन (A): M3,M1 की तुलना में विस्तृत धारणा है। तर्क (R) : केन्द्रीय बैंक मुद्रा की पूर्ति को नियंत्रित करता है। **(a)** अभिकथन **(A)** तथा तर्क **(R)** दोनों सत्य हैं तथा तर्क **(R)** अभिकथन **(A)** का सही स्पष्टीकरण है।	1
27	अभिकथन (A): बैंक दर मौद्रिक नीति का एक भाग है। तर्क (R) : कर मौद्रिक नीति का एक भाग है। (c) अभिकथन (A) सत्य है परन्तु तर्क (R) असत्य है।	1
28	सीमांत उपभोग प्रवृति और सीमांत बचत प्रवृति ज्ञात करें।	

आय	0	100	200	300	400
उपभोग	60	110	150	180	200

आय	0	100	200	300	400	
उपभोग	60	110	150	180	200	
आय में परिवर्तन	.	100	100	100	100	0.5
उपभोग में परिवर्तन	.	50	40	30	20	0.5
सीमांत उपभोग प्रवृति	.	0.5	0.4	0.3	0.2	1
सीमात बचत प्रवृति	.	0.5	0.6	0.7	0.8	1

अथवा

अर्थव्यवस्था का बचत फलन S = -200+ 0. 25Y है। ज्ञात करें

(i) स्वतंत्र उपयोग (ii) उपयोग फलन (iii) निवेश गुणक (K)

सम्भावित उत्तरः–

S=-200+0.25Y

(i) जब आय शून्य है तो S= -200 + 0.25 (0) = -200 1

अतः स्वतत्र उपयोग =200

(ii) उपयोग फलन = C=Y-S

C=Y-(-200+0.25Y)

C=Y+200-0.25Y

C=200+0.75Y 1

(iii) गुणक (k) = $\frac{1}{MPS} = \frac{1}{0.25} = \frac{100}{25} = 4$ 1

29 व्यष्टि और समष्टि अर्थशास्त्र में अंतर बताइए।

व्यष्टि अर्थशास्त्र	समष्टि अ र्थाशास्त्र	
1. व्यक्तिगत स्तर पर आर्थिक समस्या का अध्ययन किया जाता है।	1. सम्पूण अर्थव्यवस्था के स्तर पर आर्थिक समस्या का अध्ययन किया जाता हैं	1
2. व्यष्टि अर्थव्यवस्था की केन्द्रीय समस्या कीमत निर्धारित है।	2. समष्टि अर्थशास्त्र की केन्द्रीय समस्या उत्पादन एवं रोजगार का निर्धारण है।	1
3. इसमें समष्टि चरों को स्थिर मानते है।	3. इसमें व्यष्टि चरों को स्थिर मानते है।	1

किन्हीं तीन बिन्दुओं की व्यख्या करें। प्रत्येक के एक–एक अंक प्राप्त होंगे।

30	सरकारी बजट से आप क्या समझते हैं और इसके मुख्य उद्देश्य बताएं। सरकारी बजट :– सरकारी बजट एक वित्तीय वर्ष की अवधि के दौरान सरकार की प्राप्तियों तथा सरकार के व्यय के अनुमानों का विवरण होता है, जो एक अप्रैल से 31 मार्च तक के अनुमानित आय और व्यय को प्रकट करता है। उद्देश्यः– 1. आय और सम्पत्ति का पुनः वितरणः– अर्थव्यवस्था में आय और सम्पत्ति के बंटवारे में सुधार लाने हेतु सरकार कराधान तथा आर्थिक सहायता के वित्तीय उपकरणों का प्रयोग करती है। 2. साधनों का पुनः बंटवाराः– अपनी बजट सम्बन्धी नीति द्वारा सरकार साधनों का बंटवारा इस प्रकार करती है जिसमें अधिकतम लाभ तथा सामाजिक कल्याण के बीच सन्तुलित स्थापित किया जा सके। 3. आर्थिक स्थिरताः– बजट के द्वारा अर्थव्यवस्था में आने वाले व्यापार चक्रों को भी नियंत्रित किया जाता है। जिससे मन्दी और तेजी की स्थिति को सुधारा जा सके। 4. सार्वजनिक उद्यमों का प्रबन्धः– सरकार सार्वजनिक उद्यमों का प्रबन्ध करती है जिसके द्वारा देश की विकास की गति को तीव्र किया जाता है। किन्हीं तीन बिन्दुओं की व्यख्या करें। प्रत्येक के एक–एक अंक प्राप्त होंगे।	1 1 1 1
31	निवेश गुणक से आप क्या समझते है? निवेश गुणक प्रक्रिया की व्याख्या कीजिए जब निवेश में प्रारम्भिक वृद्वि (ΔI) 2000 करोड़ रूपये और सीमांत उपभोग प्रवृति (MPC) 0.5 हो। निवेश गुणकः– आय में वृद्वि और निवेश में वृद्वि का अनुपात निवेश गुणक कहलाता है। $K = \frac{\Delta Y}{\Delta I} = \frac{1}{1\text{-MPC}} = \frac{1}{MPS}$ ΔI ΔY ΔC ΔS 2000 2000 1000 1000 1000 500 500 500 250 250 250 125 125 – – – = = = 4000 2000 2000 $K = \frac{1}{1\text{-MPC}} = \frac{1}{1-0.5} = \frac{1}{0.5} = 2$ $K = \frac{\Delta Y}{\Delta I} = 2$ $= \frac{\Delta Y}{2000} = 2$ $= \Delta Y = 4000$	1 3

	अथवा अभावी मांग किसे कहते हैं? राजकोषीय उपायों के द्वारा किस प्रकार अभावी मांग को दूर किया जा सकता है? अभावी मांगः– अभावी मांग वह स्थिति है जिसमे समग्र मांग (AD) अर्थव्यवस्था में पूर्ण रोजगार के लिए आवश्यक समग्र पूर्ति (AS) से कम होती है। अभावी मांग को ठीक करने के लिए राजकोषीय नीति के उपाय 1. करो में कमी 2. सार्वजनिक व्यय में वृद्वि 3. घाटे की वित्त व्यवस्था मे वृद्वि 4. सार्वजनिक ऋण में कमी उपराक्त किन्हीं तीन की व्याख्या।	1 1 1 1
32	भुगतान शेष और व्यापार शेष में क्या अंतर पाया जाता है?	

व्यापार शेष	भुगतान शेष	
1. इसमें केवल दृश्य मदों को शामिल किया जाता है।	1. इसमें दृश्य, अदृश्य और पूंजी अंतरण सभी को शामिल किया जाता है।	1
2. यह एक संकुचित धारणा है।	2. यह एक विस्तृत धारणा है।	1
3. आर्थिक दृष्टि से कम महत्वपूर्ण है।	3. आर्थिक दृष्टि से अधिक महत्वपूर्ण है।	1
4. व्यापार शेष संतुलित या असंतुलित हो सकता है।	4. भुगतान शेष सदैव संतुलित होता है।	1

33	मुद्रा और उसके कार्य की व्याख्या करें। मुद्रा का अर्थः– मुद्रा की परिभाषा ऐसी किसी वस्तु के रूप में दी जा सकती हे जिसे साधारणतः विनियम का माध्यम स्वीकार किया जाता हो और उसके साथ ही जो मूल्य के मापक और मूल्य के संचय का भी कार्य करती हो। 1. विनियम का माध्यमः– मुद्रा के रूप में एक व्यक्ति अपनी वस्तुओ को बेचता है तथा दूसरी वस्तुओं को खरीदता है। मुद्रा क्रय तथा विक्रय दोनों में ही एक माध्यम का कार्य करती है। 2. मूल्य का मापदण्डः– मुद्रा लेखें की इकाई के रूप मेंमूल्य का माप करती है। अर्थात प्रत्येक वस्तु तथा सेवा का मूल्य मुद्रा के रूप में मापा जाता है। 3. स्थगित भुगतानों का मापः– जिन लेन–देन का भुगतान तत्काल न करके भविष्य के लिए स्थगित किया जा सकता है उन्हें स्थगित भुगतान कहा जाता है। मुद्रा इस प्रकार के स्थगित भुगतानों के माप का कार्य करती है क्योंकि इसका मूल्य स्थिर रहता और सामान्य स्वीकृति का गुण पाया जाता है। 4. मूल्य का संचयः–	1 1 1 1

	मूल्य का संचय का अर्थ मुद्रा का धन के रूप में संचय से है। वस्तु विनियम प्रणाली में यह कार्य कठिन था परन्तु मुद्रा क अविष्कार से धन का संचय बचत के रूप में करना आसान हो गया है।	1
	5. मूल्य का हस्तांतरणः– मूल्य का हस्तांतरण से अभिप्राय पंजी का एक व्यक्ति को दूसरे व्यक्ति तथा एक स्थान से दूसरे स्थान पर भेजना। मुद्रा में तरलता एवं सामान्य स्वीकृति के कारण मूल्य का हस्तांतरण संभव हो पाया है।	1

अथवा

व्यापारिक और केन्द्रिय बैंक में अंतर स्पष्ट करें।

केन्द्रीय बैंक	व्यापारिक बैंक	
1. केन्द्रीय बैंक का मुख्य उद्देश्य जनता की सेवा होता है।	1. व्यापारिक बैंकों का मुख्य उद्देश्य लाभ कमाना है।	1
2. इनका जनता के साथ सीधा लेन–देन नहीं होता है।	2. इनका जनता के साथ सीधा लेन–दन होता है।	1
3. यह एक सरकारी संस्था होती हे।	3. ये सरकारी एवं गैर सरकारी संस्था हो सकते है।	1
4. केन्द्रीय बैंक को नोट जारी करने का पूर्ण एकाधिकार होता है।	4. व्यापारिक बैंक नोट जारी नहीं कर सकते।	1
5. यह देश की बैंकिग प्रणाली को नियंत्रित करता है।	5. ये केन्द्रीय बैंक के नियंत्रण में कार्य करते है।	1
6. यह देश के विदेशी विनिमय का संरक्षक होता है।	6. यह बैंक विदेशी विनिमय सम्बन्धी कार्यो के लिए केन्द्रीय बैंक की स्वीकृति पर निर्भर करते हैं।	1

प्रत्येक अंतर के लिए एक अंक दीजिए।

34	राष्ट्रीय आय को मापने की मूल्य वृद्वि विधि की व्याख्या करें। मूल्य वृद्वि विधिः– राष्ट्रीय आय को मापने की उत्पाद विधि को मूल्य वृद्वि विधि कहा जाता है। यह विधि एक लेखा वर्ष में देश की घरेलू सीमा के अर्न्तगत प्रत्येक उत्पादक उद्यमी की उत्पादन में योगदान की गणना करके राष्ट्रीय आय का अनुमान लगाती है। इस विधि के द्वारा देश की घरेलू सीमा में प्रत्येक उत्पादक द्वारा की गई मूल्य वृद्वि की गणाना करके तथा उसमें विदेशों से प्राप्त निवल कारक आय को जोड़कर राष्ट्रीय आय को	1

मापती है।

मूल्य वृद्धि के कदमः–

1. उत्पादक उद्यमों की पहचान एवं वर्गीकरणः–

   (i) प्राथमिक क्षेत्र

   (ii) द्वितीयक क्षेत्र

   (iii) तृतीयक क्षेत्र

2. मूल्य वृद्धि की गणनाः– 1

   मूल्य वृद्धि (GDP_{MP}) = उत्पादन का मूल्य – मध्यवर्ती उपभोग

   उत्पादन का मूल्य = बिक्री + स्टॉक में परिवर्तन

   स्टॉक में परिवर्तन = अन्तिम स्टॉक – प्रारम्भिक स्टॉक

मध्यवर्ती उपभोग–

गैरकारक आगत जिनका प्रयोग उत्पादक द्वारा आय वस्तुओं और सेवाओं के उत्पादन के लिए कच्चे माल के रूप मे किया जाता है। उदाहरण कच्चा माल, बिजली आदि। इस पर किया गया व्यय मध्यवर्ती उपभोग कहलाता है। 2

3 राष्ट्रीय आय की गणना

बाजार कीमत पर सकल मूल्य वृद्धि (GDP_{MP}) = उत्पादन का मूल्य – मध्यवर्ती उपभोग

–घिसावट व्यय (Depreciation)

–शुद्व अप्रत्यक्ष कर (NIT)

+ विदेशों से पाप्त निवल कारक आय (NFIA) 2

राष्ट्रीय आय (NNP_{FC})

सावधानियां –

1. पुरानी वस्तुओं के क्रय विक्रय को शामिल नहीं किया जाता।
2. पुरानी वस्तुओं पर दिया गया कमीशन या दलाली शामिल होती हे।
3- मध्यवर्ती वसतुओं के मूलय को शामिल नहीं किया जाता।

अथवा

राष्ट्रीय आय की गणना कीजिए (a) आय विधि (b) व्यय विधि

	मद	(रूपये करोड़ में)
i)	कर्मचारियों का पारिश्रमिक	600
ii)	सरकारी अतिम उपयोग व्यय	550
iii)	विदेशों से प्राप्त निवल (शुद्व) कारक आय	–10
iv)	निवल निर्यात	–15
v)	लाभ	400
vi)	निबल अप्रत्यक्ष कर	60
vii)	स्वनियोजित व्यक्तियों की मिश्रित आय	350

	viii) किराया	200	
	ix) ब्याज	310	
	x) निजी अन्तिम उपयोग व्यय	1000	
	xi) निवल घरेलू पूंजी निर्माण	385	
	xii) अचल पूंजी का उपयोग	85	
	xiii) स्टाक में परिवर्तन	20	
	आय विधि द्वारा राष्ट्रीय आय		
	कर्मचारियो का पारिश्रमिक	= 600	
	किराया	= 200	
	ब्याज	= 310	
	लाभ	= 400	
	स्वनियोजित व्यक्तियों की मिश्रित आय	= 350	
	शुद्व घरेलू आय (NDP_{FC})	= **1860**	2
	+विदेशों से प्राप्त निवल कारक आय	= + (-10)	
	राष्ट्रीय आय (NNP_{FC})	= **1850** करोड़ रूपय	1
	व्यय विधि द्वारा राष्ट्रीय आय		
	निजी अंन्तिम उपयोग व्यय	= 1000	
	+ सरकारी अन्तिम उपयोग व्यय	= + 550	
	+निबल घरेलू पूंजी निर्माण	= +385	
	+ निबल निर्यात	= +(-15)	2
	बाजार कीमत पर निवल घरेलू आय (NDP_{MP})	= **1920**	
	–शुद्व अप्रत्यक्ष कर (NIT)	= - 60	
	+ विदेशों से प्राप्त निबल कारक आय (NFIA)	= + (-10)	
	राष्ट्रीय आय **(NNP_{FC})**	= **1850** करोड़ रूपये	1